# युद्ध खत्म करने के करीब अमेरिका-ईरान

**वॉशिंगटन/तेहरान, 6 मई. अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अब कूटनीतिक समाधान की उम्मीदें तेज हो गई हैं. व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि दोनों देशों के बीच एक संक्षिप्त, एक पन्ने के मेमो पर सहमति बन सकती है, जो संभावित समझौते की दिशा में पहला ठोस कदम होगा.**


- 48 घंटे में जवाब की उम्मीद
- होर्मुज संकट पर राहत संकेत



रिपोर्ट के अनुसार, अक्शीोस को बताया गया है कि अमेरिका को अगले 48 घंटों में ईरान की ओर से महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है. इन मुद्दों में क्षेत्रीय सुरक्षा, परमाणु गतिविधियां और समुद्री मार्गों की सुरक्षा शामिल हो सकती हैं.

हालांकि अभी तक किसी भी बिंदु पर अंतिम समझौता नहीं हुआ है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रगति बेहद अहम है.

## ईरान अमेरिकी की इच्छाशक्ति की परीक्षा न लें



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया है. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से एक रक्षात्मक मिशन है, जिसे ईरान की नाकेबंदी के कारण फारस की खाड़ी में फंसे 87 देशों के लगभग 23,000 नागरिकों को बचाने के लिए तैयार किया गया है. रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने ईरान को कड़ी चेतावनी दी कि अमेरिकी इच्छाशक्ति को परखने की किसी भी कोशिश का निर्णायक जवाब दिया जाएगा. एक ब्रीफिंग के दौरान रुबियो ने कहा, 'ये निर्दोष लोग हैं. वे अलग-थलग हैं, भूखे हैं, असुरक्षित हैं और इसके परिणामस्वरूप कम से कम दस नाविकों की मौत हो चुकी है. उन्होंने कहा कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम का यह अभियान निर्दोष जीवन की रक्षा करने और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक में अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को बनाए रखने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

## शशि शेखर वेम्पति को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष बने



**नई दिल्ली 6 मई.** केंद्र सरकार ने शशि शेखर वेम्पति को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा बुधवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई. प्रसार भारती के पूर्व सीईओ, शशि शेखर वेम्पति, तीन वर्षों की अवधि के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के नए अध्यक्ष होंगे। इससे पहले, उन्होंने प्रसार भारती के सीईओ के रूप में कार्य किया था।शशि शेखर वेम्पति को मीडिया, प्रसारण और सार्वजनिक संचार के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है।

## ममता आवास पर बैठक, 10 विधायक रहे अनुपस्थित

# काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करेंगी ममता

**कोलकाता/ पश्चिम बंगाल, 06 मई.** ममता बनर्जी के कोलकाता स्थित आवास पर आयोजित यह बैठक टीएमसी के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही थी. बैठक में राज्य के कई वरिष्ठ और सक्रिय विधायकों को शामिल होना था, लेकिन शुरुआती जानकारी के अनुसार लगभग 10 विधायक समय पर बैठक में नहीं पहुंचे.

- विधानसभा में पहले दिन पूर्व सीएम का बयान

इस अनुपस्थिति ने पार्टी के भीतर और बाहर दोनों जगह चर्चाओं को जन्म दे दिया है. हालांकि आधिकारिक तौर पर इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया गया है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह संगठनात्मक अनुशासन और आंतरिक समन्वय से जुड़ा मामला हो सकता है.



सूत्र बताते हैं कि बैठक का एजेंडा आगामी राजनीतिक रणनीति, सरकार की नीतियों की समीक्षा और संगठन को और मजबूत करने पर केंद्रित था.

### विस सत्र से पहले नया राजनीतिक घटनाक्रम

पश्चिम बंगाल की राजनीति में आगामी विधानसभा सत्र से पहले नया राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है, जिसमें ममता के काले कपड़ों में सदन पहुंचने की चर्चा ने हलचल पैदा कर दी है. यह कदम कथित तौर पर सरकार या किसी नीति के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध के रूप में देखा जा सकता है. हालांकि इस पर अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर चर्चा तेज हो गई है. टीएमसी के भीतर इसे एक रणनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है.

# चीन दौरे पर अराघाची

**नई दिल्ली 6 मई.** अब्बास अराघाची का हालिया चीन दौरा मिडिल ईस्ट और वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है. बीजिंग में उनकी मौजूदगी ऐसे समय पर हुई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है और क्षेत्र में अस्थिरता बनी हुई है.

- ट्रंप और नेतन्याहू की रणनीति पर असर संभव

इस दौरे के दौरान ईरानी विदेश मंत्री चीन के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे. इनमें द्विपक्षीय व्यापार, ऊर्जा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा प्रमुख हैं. इसके अलावा, मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष और उसके प्रभावों पर भी बातचीत होने की संभावना है.



इस घटनाक्रम ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नितान्याहु की चिंताओं को बढ़ा दिया है.

# नौसेना प्रमुख त्रिपाठी गए म्यांमार दौरे पर

## भारत-म्यांमार नौसेना सहयोग होगा और मजबूत

**नई दिल्ली, 06 मई,** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने म्यांमार की एक महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा के दौरान म्यांमार नौसेना प्रमुख से मुलाकात की. इस बैठक में दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और भविष्य के युद्ध की बदलती प्रकृति पर विस्तार से चर्चा हुई.

### समुद्री सुरक्षा और भविष्य के युद्ध पर गहन चर्चा

एडमिरल त्रिपाठी ने म्यांमार की नेवल ट्रेनिंग कमांड में स्टाफ अधिकारियों और प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया.अपने संबोधन में उन्होंने बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में उभरती साझा समुद्री चुनौतियों पर प्रकाश डाला और भारत-म्यांमार नौसेना सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया.



> उन्होंने कहा कि भारत सरकार का 'महासागर' विजन क्षेत्रीय साझेदारी और समुद्री सुरक्षा सहयोग को नई दिशा देता है .उन्होंने अपने चार दशकों से अधिक के नौसैनिक अनुभव को साझा करते हुए कहा कि भविष्य के युद्धों में सफलता के लिए नेतृत्व क्षमता, परिस्थितियों का पूर्वानुमान और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता बेहद जरूरी है।

# भारत-जापान ने स्वास्थ्य तकनीक पर किए अहम समझौते

**नई दिल्ली, 06 मई. भारत और जापान ने स्वास्थ्य अनुसंधान और क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं. यह कदम विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा.**

ये समझौते केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और जापान की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति मंत्री किमी ओनोडा के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के दौरान हुए. स्वास्थ्य और चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में सहयोग के लिए जापान एजेंसी फॉर मेडिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट, इंडियन कौंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च और डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया. इसके अलावा, क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सहयोग के लिए जापान के कैबिनेट कार्यालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के बीच आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए.

### डॉ. जितेंद्र सिंह और ओनोडा के बीच हुए हस्ताक्षर

## आज का इतिहास

- 1663- लंदन में रॉयल नामक पहला थियेटर खुला.
- 1834- ईस्ट इंडिया कंपनी ने कुर्ग राज्य पर कब्जा कर लिया.
- 1861- भारतीय साहित्यकार और नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर का कोलकाता में जन्म हुआ.
- 1875- सिसली द्वीप के पास जर्मनी का एक जहाज डूबने से 312 लोगों की मौत.
- 1876- एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को उनके आविष्कार टेलीफोन का पेटेंट मिला.

# थलापति विजय की डबल चाल

## बहुमत नहीं, फिर भी टीवीके मजबूत स्थिति में

**चेन्नई, 06 मई.** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजों ने इस बार राज्य की राजनीति में बड़ा उलटफेर कर दिया है. जहां एक ओर पारंपरिक ताकतें डीएमके और एआइएडीएमके बहुमत से दूर रह गईं. इस राजनीतिक गतिरोध के बीच विजय ने बेहद रणनीतिक रुख अपनाया है.

टीवीके ने एक साथ दो मोर्चों पर बातचीत शुरू कर दी है कांग्रेस और एआइएडीएमके दोनों के साथ. यह कदम विजय को मजबूत सौदेबाजी की स्थिति में ला देता है. वहीं थलापति विजय की पार्टी टीवीके ने 108 सीटें जीतकर खुद को सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित कर लिया. हालांकि, सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत का आंकड़ा पार न कर पाने के कारण स्थिति जटिल बनी हुई है. अगर कांग्रेस का समर्थन मिलता है तो एक वैकल्पिक धर्मनिरपेक्ष गठबंधन बन सकता है, वहीं एआईडीएमके के साथ जाने पर एक अलग राजनीतिक समीकरण तैयार होगा. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विजय किसी भी जल्दबाजी में फैसला नहीं लेना चाहते. वे हर विकल्प को परख रहे हैं ताकि न केवल सरकार बनाई जा सके, बल्कि वह स्थिर भी रहे. टीवीके की प्राथमिकता स्पष्ट है सत्ता में आना, लेकिन मजबूत और टिकाऊ गठबंधन के साथ.



> इस बीच, कांग्रेस और एआइएडीएमके दोनों ही टीवीके के साथ जाने के फायदे और नुकसान का आकलन कर रहे हैं. दोनों दल जानते हैं कि विजय के समर्थन के बिना सत्ता तक पहुंचना संभव नहीं है. ऐसे में बातचीत के दौर तेज हो गए हैं और सियासी गतिविधियां अपने चरम पर हैं. तमिलनाडु की राजनीति अब पूरी तरह से विजय के फैसले पर निर्भर हो गई है.

# केरल में सरकार गठन की तैयारी तेज

**नयी दिल्ली, 06 मई. केरल में नई सरकार के गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं और मुख्यमंत्री पद के चयन पर मंथन अंतिम चरण में पहुंच गया है.**

कांग्रेस आलाकमान ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ नेताओं अजय माकन और मुकुल वासनिक को पर्यवेक्षक के रूप में राज्य भेजा है. दोनों नेता बुधवार शाम केरल पहुंचेंगे. दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के बाद वे रवाना होंगे. केरल कांग्रेस विधायक दल की बैठक गुरुवार सुबह आयोजित की जाएगी, जिसमें विधायक अपनी राय रखेंगे.

### मुख्यमंत्री पद के चयन पर मंथन अंतिम चरण में

केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त दोनों पर्यवेक्षक विधायकों से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगे. इसी रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा. मुख्यमंत्री पद की दौड़ में कई दिग्गज नेताओं के नाम चर्चा में हैं. इनमें वीडी सतीशन, सनी जोसेफ, रमेश चेन्निथला, केसी वेणुगोपाल और शशि थरूर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं.

## शुभेंदु अधिकारी के पीए की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता, 6 मई.** पश्चिम बंगाल से एक दिल दहला वाली घटना सामने आई है, जहां भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की चार राउंड गोली मारकर हत्या कर दी गई. यह घटना बुधवार देर शाम मध्यमग्राम इलाके में हुई, जिसने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया. जानकारी के अनुसार, हमलावरों ने चंद्रनाथ रथ को निशाना बनाते हुए उन पर ताबड़तोड़ चार गोलियां चलाईं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के तुरंत बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

# धुएं में घुटकर गई 3 की जान

**भुवनेश्वर, 6 मई.** भबनेस्वर के लक्ष्मीसागर इलाके में स्थित बसंती विला अपार्टमरन्त में हुई भीषण आग ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है. बुधवार को करीब 4 बजे अचानक इमारत के ग्राउंड फ्लोर से आग की लपटें उठने लगीं, जिसके बाद देखते ही देखते पूरा अपार्टमेंट धुएं से भर गया.

इस दर्दनाक हादसे में 10 साल की मासूम बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि आग इतनी तेजी से फैली कि कई लोग अपने घरों से बाहर निकल ही नहीं पाए. धुएं के कारण दृश्यता लगभग शून्य हो गई थी, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में भी मुश्किलें आईं. प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है.



> प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही की जाएगी. फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की गई. दमकल कर्मियों ने इमारत में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन कुछ लोगों को बचाया नहीं जा सका. स्थानीय लोगों का कहना है कि आग लगने के बाद कुछ ही मिनटों में पूरी बिल्डिंग में धुआं फैल गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई.



# भाजपा की जीत के बाद खुला मंदिर

**असंसोल/ पश्चिम बंगाल, 06 मई.** असंसोल में स्थित एक प्रमुख दुर्गा मंदिर, जो कई वर्षों से बंद पड़ा था, अब दोबारा श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है. इस मंदिर का संचालन श्री श्री दुर्गमता चैरिटेबल ट्रस्ट करता है. मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं.

इस घटनाक्रम को राज्य की हालिया राजनीतिक स्थिति से जोड़कर देखा जा रहा है.भाजपा की 2026 विधानसभा चुनाव में जीत ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा बदलाव किया है. इस जीत के साथ ही ममता के नेतृत्व वाली टीएमसी की 15 साल पुरानी सरकार का अंत हो गया.

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मंदिर लंबे समय से विभिन्न कारणों से बंद था, जिनमें प्रशासनिक और स्थानीय विवाद भी शामिल थे.

## चीन ने टाइप 88 मिसाइल इस्तेमाल की तीखी आलोचना की

# चीन ने समुद्री अभ्यास के दौरान जापान को चेताया

**बीजिंग, 06 मई. चीन ने बुधवार को संयुक्त समुद्री अभ्यास के दौरान जापान के टाइप 88 मिसाइलों के परीक्षण की तीखी आलोचना की और चेतावनी दी कि उसका यह कदम दूसरे विश्व युद्ध के बाद की उसकी सुरक्षा नीति से एक खतरनाक भटकाव है।**

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक नियमित प्रेस वार्ता में जापान को आक्रामक बताते हुए कहा कि वह अपने ऐतिहासिक अपराधों पर गहराई से विचार करने में विफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जापान सुरक्षा सहयोग के बहाने विदेशों में सैन्य बल भेज रहा है और आक्रामक मिसाइलें दाग रहा है। उनका कहना है कि यह कदम जापान के दक्षिणपंथी गुटों द्वारा देश के पुन: सैन्यीकरण को बढ़ावा देने की कोशिशों का हिस्सा है।

> श्री लिन ने कहा कि संयुक्त अभ्यास के दौरान आक्रामक मिसाइलों का इस्तेमाल जापान की सिर्फ रक्षा-उन्मुख नीति का उल्लंघन है और इससे क्षेत्र में नव-सैन्यवाद के उभरने की गंभीर चिंता पैदा हुई है। उन्होंने जापान से अपने सैन्यवादी अतीत से सबक लेने, अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने और सैन्य व सुरक्षा क्षेत्रों में संयम बरतने का आग्रह किया।उल्लेखनीय है कि जापान के आत्मरक्षा बलों ने बुधवार को अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस के साथ संयुक्त समुद्री अभ्यास के दौरान टाइप 88 एंटी-शिप मिसाइल दागी थी, जिसने दक्षिण चीन सागर के पास फिलीपींस के एक पुराने नौसैनिक जहाज को निशाना बनाया। यह अभ्यास ऐसे समय में हुआ है जब मनीला और टोक्यो रक्षा उपकरणों की खरीद-बिक्री पर बातचीत कर रहे हैं।एक अन्य मामले में चीन ने उन ब्रिटिश प्रतिबंधों की भी आलोचना की जो रूस को ड्रोन पुर्जे आपूर्ति करने के आरोप में चीनी कंपनियों पर लगाए गए हैं।

# हर जरुरतमंद का बनवाएं आयुष्मान कार्ड

## गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में बोले यूपी के सीएम

**गोरखपुर 06 मई.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों सेलोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि सरकार इलाज कराने में भरपूर मदद करेगी.




मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।योगी ने जनता दर्शन में आये लोगों का प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है. उन्होंने अलग.अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया और साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्धए निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।जनता दर्शन में हर बार की तरह बुधवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे. मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और साथ ही भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा.

## बैठक — कैबिनेट ने पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में विधेयक पेश करने को मंजूरी दी

# त्वरित न्याय सुनिश्चित होगा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 6 मई.** भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में चार की वृद्धि के फैसले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम करार दिया है.

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक-2026 को मंजूरी दी। इसके तहत मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर न्यायाधीशों की संख्या वर्तमान 33 से बढ़ाकर 37 कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि यह निर्णय न्यायिक ढांचे को मजबूत करेगा और आम नागरिकों को त्वरित और प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने में सहायक होगा. केंद्रीय कैबिनेट की बैठक पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के विधेयक को संसद में पेश करने की मंजूरी दी गई. इस वृद्धि का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय को और अधिक कुशल और प्रभावी बनाना है, ताकि लंबित मामलों की संख्या कम हो और न्याय प्रक्रिया तेज़ हो। न्यायाधीशों और सहायक कर्मचारियों के वेतन और अन्य सुविधाओं पर होने वाला व्यय सरकार वहन करेगी.



### देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने रेल मंत्रालय की तीन बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी कुल लागत लगभग 23,437 करोड़ रुपये है. इस फैसले को देश के इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक विकास को गति देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया. इन परियोजनाओं में नागदाङ्कमथुरा थर्ड और फोर्थ लाइन, गुंटकलङ्कवाडी थर्ड और फोर्थ लाइन और बुरहवाल-सीतापुर थर्ड और फोर्थ लाइन शामिल हैं. इन परियोजनाओं के पूरा होने से भारतीय रेलवे नेटवर्क में लगभग 901 किलोमीटर की नई लाइनें जुड़ेंगी, जिससे ट्रेनों की आवाजाही आसान होगी, देरी कम होगी और रेलवे की सेवा अधिक भरोसेमंद बनेगी. यह परियोजनाएं मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 19 जिलों में फैली हुई हैं, जिससे करीब 4,000 से अधिक गांवों (लगभग 83 लाख आबादी) को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी. यह कदम पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत लिया गया है, जिसका उद्देश्य मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाना है. पर्यटन स्थलों जैसे महाकालेश्वर, रणथंभौर, केवलादेव, मथुरा, वृंदावन और नैमिषारण्य तक पहुंच इस परियोजना से आसान होगी.

# बंगाल नतीजों के बाद चीन से बढ़ेगी नजदीकी

## तीस्ता परियोजना पर बीजिंग से बातचीत, भारत का इंतजार नहीं

**ढाका/नई दिल्ली, 6 मई.** बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान का हालिया बयान भारत के लिए कूटनीतिक रूप से अहम संकेत माना जा रहा है. उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीस्ता नदी परियोजना पर बांग्लादेश अब ज्यादा इंतजार नहीं करेगा और इस मुद्दे को लेकर चीन के साथ बातचीत आगे बढ़ाई जाएगी.

रहमान जल्द ही चीन के आधिकारिक दौरे पर जाने वाले हैं, जहां उनकी बातचीत के एजेंडे में तीस्ता परियोजना प्रमुख रूप से शामिल रहेगी. यह वही परियोजना है, जिस पर भारत और बांग्लादेश के बीच वर्षों से चर्चा चल रही है, लेकिन अब तक कोई अंतिम समझौता नहीं हो पाया है. बांग्लादेशी विदेश मंत्री ने भारत का नाम लेते हुए संकेत दिया कि ढाका ने लंबे समय तक धैर्य रखा, लेकिन अब विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार करना जरूरी हो गया है. उनके बयान का सीधा मतलब यही निकाला जा रहा है कि बांग्लादेश अब चीन के सहयोग से इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है. विशेषज्ञों के मुताबिक, यह कदम केवल एक आर्थिक फैसला नहीं है, बल्कि इसके पीछे क्षेत्रीय शक्ति संतुलन की बड़ी रणनीति भी हो सकती है. चीन पहले से ही दक्षिण एशिया में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है.



### 'पुशबैक' की उम्मीद नहीं : बांग्लादेश

> बंगलादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद उन्हें बंगलादेश में लोगों के 'पुशबैक' (वापस धकेले जाने) की संभावना नहीं दिखती है. राजधानी के उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित जिलाधिकारियों के सम्मेलन के एक सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृह मंत्री ने कहा, इसके बावजूद, हमने बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बीजीबी) को सीमाओं पर सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके. उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं होगी.